कार्यकारी समिति में कुछ व्यक्तियों को नाम-निर्देशित किया जायेगा ; और

(ख) उपरोक्त अकादमी के अध्यक्ष तथा सचिव के नाम क्या हैं, जो अभी तक इन पदों पर आरूढ़ रहे हैं ; और जिन व्यक्तियों की अब सिफारिश की गई है उनके नाम क्या हैं ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) भारत सरकार ने अकादमी के कार्यकारी बोर्ड में पहले ही से अपनी नामजदगियां कर दी हैं ।

(ख) (i) अकादेमी के अध्यक्ष पद पर अब तक निम्नलिखित व्यक्तियों ने कार्य किया है :—

(1) डा० पी० वी० राजमन्नार

(2) श्री जया चामराजा वाडियार बहादुर

(3) श्रीमती इन्दिरा गांधी (वर्तमान अध्यक्ष—14-12-1965 से 5 वर्ष के लिए नियुक्त की गई हैं)

(ii) निम्नलिखित व्यक्तियों ने सचिव के पद पर कार्य किया है :—

(1) कुमारी निर्मला जोशी

(2) श्री के० पी० विश्वास (अकादेमी के वित्त तथा लेखा अधिकारी– नियमितरूप से पद पर नियुक्ति की व्यवस्था होने तक)

(3) श्री बालदून ढींगरा

(4) श्री टी० एस० स्वामिनाथन

(5) डा० बी० के० नारायन मेनन

(6) डा० सुरेश अवस्थी (वर्तमान सचिव– शिक्षा मंत्रालय से 26-11-1965 से प्रतिनियुक्ति पर)

फिलहाल, अध्यक्ष और सचिव के पदों के लिए नामों की सिफारिश करने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों के विरुद्ध आरोप

986 श्री ओंकार लाल बेरवा : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1966-67 में भारतीय पुलिस सेवा के कितने अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासन और भ्रष्टाचार के आरोप लगाये गये ; और

(ख) उन में से कितने लोगों को दंड मिला ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) और (ख). सूचना एकत्रित की जा रही है और यथा समय सदन के सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए व्यक्तियों का पुनर्वास

987. श्री ओंकार लाल बेरवा : : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1966-67 के दौरान पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए क्या उपाय किये गये हैं ;

(ख) विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास का राज्यवार ब्यौरा क्या है ; और